प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वाराणसी के दो बुनकरों समेत 22 लोगों को प्रदान किए राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार : कहा— समावेशी विकास का एक सशक्त माध्यम है यह क्षेत्र।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उत्कृष्ट बुनकरों को किया सम्मानित : हथकरघा उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने पर दिया जोर।
3. मुख्यमंत्री ने अम्बेडकरनगर को 194 विकास परियोजनाओं की दी सौगात : कहा— सिद्धार्थनगर से शुरू होने वाले नॉर्थ साउथ कॉरिडोर का केद्र बिंदु बनेगा जनपद।

और

4. राज्य में लगातार बारिश से कई नदियों का जलस्तर बढ़ा : वाराणसी के अस्सी घाट पर बदला गंगा आरती का स्थान।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2025 के लिए संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान किए। वस्त्र मंत्रालय के इस कार्यक्रम में वाराणसी के दो बुनकरों समेत 22 लोगों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हथकरघा क्षेत्र

केवल आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि समावेशी विकास का एक सशक्त माध्यम भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने हथकरघा क्षेत्र से जुड़े लोगों की आय बढ़ाने के लिए अनेक पहलें की हैं। बाइट.....

*हमारे हथकरघा सेक्टर में भारत के रूरल प्रीमियम इकोनॉमी' का सबसे सुंदर और मानवीय उदाहरण बनने की संभावनाएं बलबती हुई हैं। महत्वपूर्ण हैंडलूम क्लस्टर को आधुनिक प्रौद्योगिकी और सामूहिक प्रशिक्षण विधियों से जोड़ा जा रहा है। बुनकरों की आय बढाने के लिए अनेक पारदर्शी उपाय सरकार ने हाथ में लिए हैं। बुनकरों को उनकी मेहनत का पूरा लाभ सीधे मिलने के रास्ते खुले हैं।*

कार्यक्रम में वाराणसी के नसीम अंसारी को इश्कत गुलदस्ता जामदानी साड़ो बुनाई में उत्कृष्टता के लिए बुनाई श्रेणी में राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

वहीं शाह मुहम्मद अंसारी को संतकबीर हथकरघा पुरस्कार– लुप्त प्रायः बुनाई श्रेणी में सम्मानित किया गया । मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए इन दोनों बुनकरों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के समस्त शिल्पकारों और बुनकरों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर लखनऊ में उत्कृष्ट बुनकरों को संत कबीर राज्य स्तरीय हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस

दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हैंडलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना और झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना के लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। कार्यक्रम में हथकरघा उत्पादों के विपणन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रमुख संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हथकरघा और पावरलूम से करीब 30 लाख लोगों की आजीविका जुड़ी है। सरकार ने 40 हजार से अधिक हस्तशिल्पियों को विद्युत सुविधा के रूप में 109 करोड़ रुपये का लाभ दिया है। मुख्यमंत्री ने हथकरघा उत्पादों को डिजाइन, तकनीक, पैकेजिंग और मार्केटिंग के जरिये वैश्विक बाजार से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को उपहार में देने की अपील भी की। बाइट......

*हमारा प्रयास यही होना चाहिए। विदेश में बने हुए उत्पाद को नहीं बल्कि हमारे कारीगर और हस्तशिल्पियों के द्वारा जो उत्पाद तैयार होता है उसी को किसी को गिफ्ट के रूप में उपलब्ध कराएं। और मुझे बहुत अच्छा लगता है। अब दीपावली हो, होली हो, ईद हो, कोई भी पर्व और त्यौहार होता है। किसी के घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम होता है तो लोग उत्तर प्रदेश के अंदर बने हुए उत्पाद को ही भेंट करते हैं। हम लोगों ने सरकारी विभागों में जो हथकरघा से जुड़े हुए उत्पाद को खरीदने के लिए व्यवस्था बनाई है। विभाग तत्काल इस पर आगे कार्रवाई करें और इसके लिए जिस भी स्तर पर प्रयास होने चाहिए इस पर भी हमारे प्रयास आगे बढ़ने चाहिए।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अम्बेडकरनगर में 706 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत वाली 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और प्रमाणपत्र भी बांटे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अम्बेडकरनगर विकास के मॉडल के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अम्बेडकरनगर को एक्सप्रेस वे से जोड़कर ज़िले म विकास को गति दी है। सिद्धार्थनगर से शुरू होने वाले नॉर्थ साउथ कॉरिडोर का केद्र बिंदु भी अम्बेडकरनगर को बनाया जा रहा है। बाइट.....

*नॉर्थ साउथ कॉरिडोर में भी हम लोग सिद्धार्थ नगर के बांसी से होते हुए बस्ती होते हुए और प्रयागराज को जोड़ने और चित्रकूट से लेकर के फिर हम सुदूर दक्षिण भारत तक उस मार्ग को पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उसका केंद्र बिंदु भी हमारा अंबेडकर नगर जनपद बनने जा रहा है। अंबेडकर नगर जनपद ही इसको प्रयागराज तक पहुंचाएंगे।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के कुल सचिवों और परीक्षा नियंत्रकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी और सतत बनाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई। एक रिपोर्ट.....

*बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी राजकीय और निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में प्रतिदिन विद्यार्थियों को नशा मुक्ति शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही रन फॉर नशामुक्ति, मैराथन नुक्कड़ नाटक जैसी जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए पूरे प्रदेश को पांच जोनों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन के लिए विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्ती से रोक सुनिश्चित की जाएगी। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

——————————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कांवड़ यात्रा का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कांवड़ यात्रा की समीक्षा करते हुए कहा कि यह आस्था, अनुशासन और सामाजिक समरसता का महापर्व है। इसके शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संचालन में किसी प्रकार की बाधा

उत्पन्न करने वाल अराजक तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने बरेली में कांवड़ यात्रा और आला हजरत उर्स को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

उधर, मुजफ्फरनगर में हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़िये शिव चौक स्थित मंदिर मं बाबा भोलेनाथ के समक्ष माथा टेक कर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। जिले के सभी मुख्य मार्ग बंद होने के कारण शिवरात्रि तक स्कूल कॉलेजों में भी छुट्टी कर दी गई है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के लिए पुलिस, अर्ध सैनिक बल और एटीएस के जवान तैनात किए गए हैं। मेरठ में कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए सेवा शिविर लगाए हैं, जो आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं।

बिजनौर में कांवड़ यात्रा के मद्देनज़र विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर निगरानी रख रहे हैं। बाइट.....

*समय–समय पर सभी ऑफिसर्स डेली के डेली ड्यूटीज चेक कर रहे हैं तो इसलिए मूवमेंट को कंटीन्यूअसली मॉनिटर करना आवश्यक है। प्रयास कर रहे हैं कि किसी प्रकार का जो है कॉन्फिलक्ट ना हो कांवड़ मार्ग के साथ। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक जहां पर भी ड्यूल लेन हाईवेज हैं वहां पर इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे कि आने जाने के मार्गों का सेपरेशन रहे और किसी प्रकार की जो है ओवरटेकिंग इत्यादि से कोई दुर्घटना ना हो।*

———————————

पहाड़ी क्षेत्रों के साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते वाराणसी ,गाजीपुर, बलिया, मिर्जापुर प्रयागराज, जौनपुर और आजमगढ़ मे गंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर में लगातार बढोत्तरी दर्ज की जा रही है। वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। बढ़ते जलस्तर के कारण अस्सी घाट पर होने वाली आरती के स्थान को 10 फीट ऊपर कर दिया गया है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के कई जनपदों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। साथ ही अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के बाद गिरावट आने का अनुमान भी जताया है।

(समाप्त)